पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

‘हज सद्भावना दल’ को संदेश भेजा

देश की तरक्की और खुशहाली के लिये दुआ करें - श्री नाईक

लखनऊः 16 अगस्त, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने भारत सरकार की ओर से भेजे जा रहे ‘हज सद्भावना दल’ जिसका नेतृत्व डाॅ0 अम्मार रिज़वी कर रहे हैं, को अपना संदेश भेजकर कहा है कि ‘मैंने सुना है हज के अवसर पर मांगी गई दुआ जरूर कबूल होती है। हज में मुल्क और सुबे की प्रगति एवं खुशहाली के लिये जरूर दुआ करें।’ राज्यपाल ने हज यात्रियों की सुखद यात्रा और सकुशल वापसी की भी शुभेच्छा दी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल हज सद्भावना दल व हज यात्रा पर जाने वाले अन्य यात्रियों को विदा करने लखनऊ एयरपोर्ट जाने वाले थे किन्तु पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को देखने अचानक दिल्ली जाना पड़ा था।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भारत से हज करने के लिये जाने वाले लोग जब दूसरे देश के लोगों से मिलेंगे तो उन्हें गर्व होगा कि वे ऐसे देश में रहते हैं जहाँ अनेकता में एकता है, अनेक धर्म के लोग एक साथ मिलकर आपसी सद्भाव से एक-दूसरे के त्यौहार मनाते हैं। राज्यपाल ने इस अवसर पर पूर्व मंत्री डाॅ0 अम्मार रिज़वी सहित अन्य सदस्यों को भी अपनी शुभकामनाएं भेजी।

अंजुम/ललित/राजभवन (316/23)